Press Release, June 26, 2022 प्रेस विज्ञप्ति, 26 जून 2022

सिडबी ने अपने जम्मू और कश्मीर पर्यटन क्लस्टर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत
पहला घरेलू (होमस्टे) उद्यम स्थापित करने हेतु सहायता प्रदान की

SIDBI supports first homestay enterprises setting up initiative under its J&K tourism cluster development program

आज, 26 जून 2022 को कोणेरनाग में सिडबी के जम्मू और कश्मीर पर्यटन क्लस्टर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत घरेलू (होमस्टे) उद्यम की स्थापना से संबंधित गतिविधि का शुभारंभ हुआ। इस कार्यकम में लगभग 25 उत्साही और आकांक्षी युवा एक महीने के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जिसके उपरान्त उन्हें घरेलू(होमस्टे)उद्यम स्थापित करने में मदद की जाएगी। घरेलू उद्यमी (होमस्टेप्रेन्योर्स) होने के अलावा, इस कार्यक्रम से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और यह टिकाऊ पर्यटन का एक मॉडल होगा।

Today, on 26th June 2022, first homestay enterprise setting up initiative under SIDBI's J&K tourism cluster development program was launched at Konernag. Around 25 enthusiastic and aspiring youth will undergo capacity building training for a month post which they will be supported in setting up homestays. Besides coming in of homestaypreneurs, the initiative will boost local economy and will be a model for sustainable tourism.

कार्यक्रम में श्री जीएन इत्तो, निदेशक, पर्यटन विभाग ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज की और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसके अलावा कार्यक्रम में पर्यटन विभाग के उप निदेशक श्री कासिम मलिक तथा कोणेरनाग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री मोहम्मद अल्ताफ वानी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ आर. के. सिंह, मुख्य महाप्रबंधक, सिडबी ने प्रतिभागियों को वर्चुअली संबोधित किया और कार्यक्रम के लिए सिडबी की सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम को अंततः आगे राज्य में चिह्नित किए गए 75 ऑफबीट पर्यटन स्थलों को कवर करने के लिए भी आयोजित किया जा सकता है।

The director- department of tourism Mr. G.N. Itto graced the event with his presence. Besides, Mr. Qasim Malik, Deputy Director- Department of tourism and Mr. Mohd. Altaf wani President- Kokernag Development Authority were the guest of honour. Dr. R K Singh, CGM SIDBI addressed the participants virtually and assured SIDBI's support to the program. The programme can eventually be scaled up to cover 75 offbeat tourist destinations identified in the state.

यह उल्लेखनीय है कि सिडबी देश की प्रमुख वित्तीय संस्था है और उसने सॉफ्ट मूलभूत ढांचा सहायता प्रदान करने के लिए 5 समूह अपनाए हैं और जम्मू-कश्मीर में पर्यटन क्लस्टर उनमें से एक है। सिडबी

स्थानीय हितधारकों के साथ समन्वय कर समस्याओं की पहचान करता है और स्थानीय सेवा प्रदाताओं को सशक्त बनाने के लिए उनकी प्रमुख समस्याओं का स्थायी समाधान करने का प्रयास करता है। केपीएमजी इस कार्यक्रम की कार्यान्वयन एजेंसी है।

It may be mentioned that SIDBI is principal financial institution in the country and has adopted 5 clusters for soft infrastructure support and tourism cluster in J&K is one of them. SIDBI identifies pain points in coordination with local stakeholders and addresses key ones with strengthening of local service providers such that sustainable solution is arrived at. KPMG is implementing agency.

सिडबी का यह प्रयास जम्मू और कश्मीर पर्यटन को अन्य स्थानों पर प्रचलित अच्छी प्रथाओं के समकक्ष बनाने और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाली कश्मीरियत के स्वप्न को साकार करते हुए वहां के लोगों को और अधिक खुशहाल बनाने के लिए है।

Endeavour is to align J&K tourism to good practices of other destinations and raise the delights of people dreaming to experience kashmiriat - a rich cultural heritage.